हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024

12 अजमणि देव महाराज जयंती पर सोनार समाज ने...


12 दशहरा में आने वाले ग्रामीण पर्यटकों को जागरूक..




NEW HOLLAND अब आपके और भी नजदीक में न्यू हालैण्ड डीलर चारामा SWASTIK AGRO


भव्य ॥ शुभारंभ ॥
स्वास्तिक एग्रो
पेट्रोल पंप के बाजू, धमतरी रोड, चारामा माहुद
हर्षित अग्रवाल 8319216030, आयुष अग्रवाल 8109711532
सर्वाधिक PTO एवं खींचने की क्षमता
HP हाइड्रौलिक लिफ्टिंग क्षमता' - 1500 Kg
श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph
श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph

## खबर संक्षेप

### विस निर्चाचन क्षेत्र-81 के लिए 7 मतदान केंद्र मंजूर

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक - 81 कांकेर (अजजा) में सात नवीन मतदान केन्द्र की स्वीकृति प्रदान की गई है। सात केंद्रो को मिलाकर जिले में अब कुल 734 मतदान केन्द्र हो गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी है कि फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 01 जनवरी 2025 की स्थिति में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-81 कांकेर हेतु सात नये मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव आयोग को प्रेषित किया गया था, जिसके तहत मतदान केन्द्र क्रमांक-10 आंवराभाट, 37-बुधियारमारी, 46-पत्थर्री, 19-भण्डारीपारा 2, 86-माटवाड़ा लाल 2, 101 टुराखार और 109 कोदाभाट शामिल हैं।

### ग्रामीण ने फांसी लगा कर ली आत्महत्या

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत हल्बा निवासी प्रीतराम सिंहा ने 13 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। हल्बा निवासी नरोत्तम सिंहा ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

**उपलब्धि :**

### बीएसएफ कैंप की स्थापित के बाद ग्रामीणों का भय हुआ दूर, जागा आत्मविश्वास

# अतिसंवेदनशील गांव माहला में लौटी रौनक, कलेक्टर लोगों से हुए रू-ब-रू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/पखांजूर

विकासखंड कोयलीबेड़ा का माहला ऐसा गाँव था, जहाँ नक्सलियों के डर से पूरा गाँव एक समय खाली हो गया था और ग्रामीण जमीन जायदाद छोड़कर पखांजुर में शरण ले लिया था। नक्सलियों के भय से इस गाँव में लोग रहने के लिए डरते थे। माहला में जब बीएसएफ कैंप स्थापित हुआ, उसके बाद से ग्रामीण वापिस माहला आने लगे। अतिसंवेदनशील गाँव माहला के ग्रामीण अपने बीच कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर को पाकर बेहद उत्साहित व खुश नजर आएं, वहीं कलेक्टर ने कहा कि सरकार अतिसंवेदनशील गाँव में हर मूलभूत सुविधाएं देने के लिए भी हम लोगों को भेजी है और क्षेत्र विकास के लिए सभी काम करवाएं जाएंगे। ग्रामीणों की माँग पर कलेक्टर ने सामुदायिक भवन बनवाने की बात भी कहीं।

- ग्रामीणों से कलेक्टर ने किया वादा, हर समस्या को किया जाएगा निराकरण
- आयोजित शिविर में ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए हुआ पंजीयन


आमजनता तक शासन-प्रशासन की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ ले सकें। इसी क्रम में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देश पर जिले के सुदूरवर्ती कोयलीबेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत परतापुर के आश्रित ग्राम महला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया।

शिविर में पहुँचे कलेक्टर ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण अब विकास की मूल धारा से जुड़कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं और आने वाले दिनों में वे अपने अधिकार से वंचित नहीं रहेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि ग्राम महला और परतापुर इलाके के विकास के लिए जो भी संभव है, जिला प्रशासन पूरी इच्छाशक्ति के साथ पूरा करेगा। इस दौरान उन्होंने महला में सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा भी किया, साथ ही दीपावली पर्व से पहले प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्टर ने यह भी बताया कि परतापुर क्लस्टर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 200 से अधिक स्वीकृत प्रकरण के लिए पहली किश्त की राशि जारी कर दी गई है। इसके अलावा अन्य मांगों पर भी सार्थक निराकरण करने का आश्वासन कलेक्टर ने शिविर स्थल में ग्रामीणों को दिया।



#### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं

*जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने ग्रामीणों से शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बैंक खाते खुलवाने, आधार अद्यतन कराने और अन्य प्रकार के आवश्यक दस्तावेज बनवाने की समझाइश ग्रामीणों को दी। इस दौरान ग्राम पंचायत परतापुर के सरपंच राजाराम कोमरा ने स्थानीय मांगों और समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। शिविर में ग्रामीणों की ओर से विभिन्न मांगों और समस्याओं के समाधान हेतु कुल 309 आवेदन प्राप्त हुए। इसके पहले कलेक्टर ने पखांजूर के स्व. विक्रम सिंह बेसरा स्मृति में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होकर निबंध प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।*



#### 121 का आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए स्टाल में 121 ग्रामीणों का आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड के लिए त्वरित पंजीयन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने 04 हितग्राहियों को मौके पर किसान किताब वितरित किया और साथ ही 03 हितग्राहियों को राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन का स्वीकृति पत्र सौंपा।

#### 2009-10 में गाँव हो गया था वीरान

महला के ग्रामीण माओवादियों के भय से वर्ष 2009-10 में पलायन कर पखांजूर चले गए और पूरा गांव वीरान हो चुका था। बाद में स्थिति सामान्य होने पर ग्रामीण 2017-18 में एक- एक करके यहां वापिस विस्थापित हुए। इसके बाद ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद पंचायत के सीईओ घनश्याम जांगड़े ने बताया कि वर्तमान में ग्राम महला में 47 परिवार निवासरत हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 197 है। उन्होंने बताया- चूंकि इस ग्राम के ग्रामीण पूर्व में पखांजूर में अस्थाई रूप से विस्थापित हो चुके थे, इसलिए अधिकांश के शासकीय दस्तावेज पखांजूर के नाम से दर्ज हैं। वर्तमान में उनके नाम पखांजूर से विलोपित कर ग्राम महला में सूचीबद्ध किया गया है। यह भी बताया गया कि 26 ग्रामीणों के मनरेगा जॉब कार्ड बनाए जा चुके हैं, 57 ग्रामीणों के पास वन अधिकार मान्यता पत्र है वहीं सभी के पास अब राशन कार्ड है।

## बांसकुंड में बुजुर्ग ग्रामीण की हत्या पुलिस को आरोपियों की है तलाश

**कांकेर।** बांसकुंड में बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जाँच में लिया है। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

बांसकुंड ग्राम के सरपंच और पटेल ने 14 अक्टूबर को पुलिस को बताया मृतक अपने खेत की ओर गया था। 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के लगभग चमन उसेंडी से जानकारी मिली कि सुगनू राम खेल मैदान के पास मृत अवस्था में पड़ा है, तब मै रमेश दुग्गा व अन्य ग्रामीणो को साथ लेकर घटना स्थल पहुंचा और देखा कि मृतक मुंह के बल उल्टा जमीन पर पड़ा था। उसके गला के पास खून निकल रहा था। शरीर पर लुंगी के अलावा अन्य कोई कपड़ा नही था। ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की छानबीन शुरू किया। बासंकुंड पहुँची पुलिस ने अपनी पूरी टीम के साथ घटना का अवलोकन किया। बांसकुण्ड निवासी 70 वर्षीय सुगनू राम उसेण्डी पिता स्व. सन्नूराम उसेण्डी को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किसी वस्तु से दोनों हाथ व दोनों पैर व गला में प्राणघातक चोंट पहुंचाकर हत्या करने के सबूत पुलिस को मिले। चिकित्सकों ने पीएम रिपोर्ट में बताया कि मृतक के शरीर में आई चोंट व खून अत्यधिक बहने से मौत हुई है। पुलिस ने यह भी देखा कि मृतक के दोनों हाथ व दोनों पैर व गला ▶▶| शेष पेज 12 पर



## मोदे मानसगान में पहुंचे विधायक और शेड निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

विकासखंड कांकेर ग्राम मोदे में त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलियों के द्वारा मानसगान किया गया और बेहतर प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। मानसगान करने वाली समितियों के मानसगान को सराहा गया।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जब जब आपने बुलाया है, मैं आपके बीच आया हूं और आपके सुख दुख की सहभागी बने रहना चाहता हूं। इस तरह के कार्यक्रम होते रहने से गाँव में एकजुटता बनी रहती है और गाँव में रामायण के पात्रों का प्रभाव भी आमजनता में देखेने को मिलता रहता है। मानसगान होते रहने से गाँव के बच्चों को भी आध्यात्म का संस्कार मिलता रहता है। ऐसे कार्यक्रम होने से आसपास गाँव के लोगों में भी जागरूकता आती है। विधायक ने ग्रामवासियों की माँग पर टीन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रूपएं देने की घोषणा किया। पूर्व सांसद ने कहा कि हमारा परिवार व समाज धर्म का पक्षधर रहा है। हमरा समाज सभी को जोड़कर रखने वाले रहे हैं। समाज के सभी वर्गों साथ सहयोग और सामंजस्य बनाकर चलते आ रहे हैं। प्रभु श्रीराम के बताए मार्ग पर चलकर संयमित जीवन जीने पर बल दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष दयाराम साहू पवन रावटे, संरक्षक ग्राम सरपंच छन्नु राम सलाम, ललीत पटेल, चेतन दुग्गा, सुकदेव तारम, राजकुमार कांगे, प्रकाश औरसा के हाथों राघवेंद्र सरकार कि छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुजा ▶▶| शेष पेज 12 पर






## करियापहर व ढोढरापहर में बाइक और पंप की चोरी, आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




नरहरपुर थानांतर्गत करियापहर और ढोढरापहर से बाईक और मोटर पंप की चोरी की घटना सामने आई है। दोनो मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस दोनो मामले में चोर की तलाश में जुटी हुई है।

चोरी की शिकायत करने पहुंचे करियापहर निवासी 37 वर्षीय मनोहर सिन्हा पिता आत्मा राम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर को दोपहर डेढ़ बजें अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक 05 व्ही 6845 से ग्राहक सेवा केन्द्र नरहरपुर आया था। मोटर सायकल को रोड किनारे आटो सेंटर के सामने बिना लॉक किए खड़ा किया था। ग्राहक सेवा केन्द्र से अपने काम करने के 15 मिनट बाद मोटर सायकल के पास वापिस जाकर देखा तो मोटर सायकल वहां पर नही था। आसपास पता तलाश किया, लेकिन कही पता नही चला। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है। चोरी हुई वाहन की कीमत 12 हजार रूपएं है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मोटर पंप चोरी की शिकायत करने पहुंचे ढोढरापहर निवासी 55 वर्षीय सगन बाई मरकाम पति जयसिंग मरकाम ने पुलिस को बताया कि गांव के ऊपर खार में लगभग 5 एकड़ जमीन है, जिसमें इसी वर्ष सौर सुजला योजना के तहत 3 एचपी का सोलर पम्प एवं कट्रोलर लगवाई थी। कोई अज्ञात चोर ने 28 सितंबर की रात मोटर पम्प एवं कट्रोलर को चोरी कर ले गया है। मोटर पम्प केएसबी कम्पनी का है जिसका कीमत 25 हजार रूपएं है। मोटर पंप के संबंध में आसपास के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## थिनिंग व गैप फिलिंग की छात्रों को दी जानकारी




**कांकेर।** ग्राम पंचायत मोहपुर में संचालित रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभांट कांकेर के चतुर्थ वर्ष के छात्रों का ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के निरीक्षण के लिए सह प्राध्यापक उधानिकी डॉ. फूल सिंह मरकाम पहुंचे, जिन्होंने छात्रों एवं किसानों को थिनिंग एवं गैप फिलिंग के बारे में जानकारी देते हुए महत्व को समझाया। इस प्रक्रिया से उत्पादन के साथ-साथ खाली जगह का उचित उपयोग होता है, जिससे किसानों को मुनाफा प्राप्त होता है। इस दौरान चतुर्थ वर्ष के छात्र प्रहल्लाद प्रधान, मयंक तिवारी, प्रिंसी प्रसाद एवं जयपाल मंडावी व ग्राम मोहपुर के किसान उपस्थित रहें।


पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

**वारंटी अवधि पर है फिर भी नहीं की जा रही मरम्मत**

## घटिया सोलर लाइट कुछ ही दिनों में हुआ फेल, सिरसिदा में छाया है अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- पंचायत प्रतिनिधियों और ठेकेदारों की मिलीभगत का परिणाम



विकासखण्ड चारामा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरसिदा में सरकारी योजनाओं के तहत लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइटे खराब होने लगी है। पंचायत प्रतिनिधियों और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते इन लाइटों की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है, भले ही वारंटी अवधि अभी बाकी है। मरम्मत नहीं होने से उजाले की जगह अंधेरा छाया रहता है। ग्राम पंचायत सिरसिदा में सोलर स्ट्रीट लाईट भ्रष्टाचार और लापरवाही की कहानी बंया कर रही हैं। गांव की गलियों और सड़कों पर लगी सोलर लाईट निम्न गुणवत्ता की होने के कारण कुछ दिनो बाद से ही काम करना बंद कर चुकी हैं। इन लाईटो पर कंपनी द्वारा 2 से 5 वर्षों की वारंटी दी गई है, जिसके तहत खराब होने पर उनकी मरम्मत होनी चाहिए थी। पंचायत के सरपंच, सचिव और ठेकेदार की उदासीनता के चलते अब तक इन्हें ठीक नहीं किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लाईटे लगने के बाद कुछ दिन उजाला हुआ और उसके बाद लाईटे बंद हो गई। ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाया गया, उसके बाद भी कोई सुधार नहीं हो पाया। ग्रामीणों के मन में अब इन लाईटो की खरीद में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार होने की आशंका होने लगी है। पंचायत चुनाव तीन से चार माह के अंदर होना तय है, चुनाव के दौरान ग्रामीण इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे और जनप्रतिनिधियों के चेहरों को सामने लाएंगे। यह सोलर लाईट सरपंव व पंच के लिए मुसीबत साबित हो ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### मामले की जाँच की माँग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मीडिया के माध्यम से माँग किया है कि सिरसिदा में लगाई गई सोलर लाईट की जाँच किया जाएं और इसमें जिसके द्वारा लापरवाही बरती गई है, उसके खिलाफ कार्यवाही किया जाए। सामग्री का स्तर घटिया है और बिल ज्यादा बना है, उस पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्यवाही किया जाएं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### पिछड़ा वर्ग स्थापना दिवस कल मनाएंगे

**चारामा।** भानुप्रतापपुर में पिछड़ा वर्ग स्थापना दिवस का आयोजन 18 अक्टूबर को किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जैसाकर्रा स्थित तहसील साहू समाज भवन में पिछड़ा वर्ग समाज की विशेष बैठक आयोजित हुई, जिसमें चारामा ब्लॉक के समस्त ग्रामीण अध्यक्षों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे अपने-अपने गांवों में बैठकों का आयोजन कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

### अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत नाकापारा चारामा निवासी चंद्रशेखर सोनकर का जहर सेवन करने से 15 अक्टूबर को मौत हो गया। नाकापारा चारामा निवासी प्रकाश सोनकर ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया था। ईलाज के लिए सीएचसी चारामा ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत होने की पुष्टि किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत धनगुडरा निवासी महेंद्र पटेल का ईलाज के दोरान 15 अक्टूबर को मौत हो गया। धनगुडरा निवासी दिनेश लेडिया ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक 19 को

**सरोना।** छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ रायपुर द्वारा 19 अक्टूबर को ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक जिले के नरहरपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचवाही में सुबह 11 बजे शुरू होगी। संघ के प्रांत अध्यक्ष सोमनाथ तारक ने बताया कि यह आयोजन ग्राम पंचायतों के विकास और भृत्य कल्याण से जुड़ी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए किया जा रहा है। सभी संबंधित सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है। बैठक में ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के अलावा स्थानीय विकास और कल्याण योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिससे ग्राम विकास में सहयोग बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जा सकें। ग्राम पंचायतों की मजबूती और भृत्य कल्याण की दिशा में यह बैठक एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका सभी को लाभ मिलेगा।

### पुरखती कागजात पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण विमोचित

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुरखती कागजात पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण का विमोचन मुरिया दरबार कार्यक्रम में किए। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के माध्यम से आदिवासी परम्परा, रीति-रिवाज, सांस्कृतिक विविधता एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित तथा संवर्धित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बस्तर संभाग अन्तर्गत देवी-देवताओं की शक्तिशाली वाचिक परम्परा, इतिहास एवं उत्पति के बारे में गांव-गांव से गुनिया-बैगा, सिरहा, माटी पुजारी-पेरमा, मांझी, गांयता, पटेल से विस्तृत चर्चा करते हुये जानकारी संकलित कर आनेवाली पीढ़ियों को अपने देवी-देवताओं की सेवा परम्परा से अवगत कराने के लिए पुरखती कागजात नामक पुस्तक तैयार किया गया। मुख्यमंत्री साय ने पुस्तक के प्रकाशन पर प्राधिकरण को बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, सांसद कांकेर भोजराज नाग, बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, विधायक किरण देव, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने भी पुस्तक की सराहना की।

### पर्यटक ई-रिक्शा से 4 किमी तक पार्क की देख रहे सुंदरता

**जगदलपुर।** संभागीय मुख्यालय किनारे स्थित लामनी पार्क के लिए इन दिनों शासन द्वारा वन विभाग को दो ई-रिक्शा दिया गया।

## भाजपा ने जो भी जिम्मेदारी दी, उसे इमानदारी से निभाने का किया काम

# अतिसंवेदनशील इलाके से जुड़े विक्रम पांचवी बार बने विधायक, ग्रामीणों से सीधा रखते हैं संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी गौंड समाज से ऐसे नेता है, जिन पर आज तक किसी भी प्रकार का कोई दाग प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से नहीं लगा। भाजपा पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी, उसे बहुत अच्छ ढंग से निर्वाह करते आ रहे है। पाँच बार के विधायक, एक बार के सांसद और दो बार के मंत्री होने के बाद भी आज केवल विधायक की भूमिका निभा रहे है। सीनियर होने के बाद भी पार्टी जो जिम्मेदारी देती है, उसे स्वीकार करते हुए ईमानदारी से जिम्मेदारी को निर्वाह करते है। ऐसा क्षेत्र के सामाजिक, किसान व शिक्षा से जुड़े शिक्षाविद कह रहे है।

### सरल स्वभाव के है धनी



अंतागढ़ विधानसभा में निवासरत सिकसोड़ के सरपंच लच्छू गावड़े का कहना है कि विक्रम उसेंडी लंबे समय से सक्रिय राजनीति में है, परंतु उन पर आज तक किसी भी तरह का आरोप व प्रत्यारोप नहीं लगा है। सरल स्वाभाव के धनी विक्रम के पास जिले के अंतिम छोर का व्यक्ति मिलने जाता है, उससे भी बहुत ही सरलता से मिलते है, उसे लगता ही नहीं है कि हम पूर्व मंत्री से मिल रहे है। मंत्री रहने के दौरान भी उनके स्वभाव में कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिलता था। अभी तो ऐसा है कि एक बार विधायक व एक बार सांसद बनने वालें भाव दिखाने लगते है और उसी का परिणाम है कि उन पर कई आरोप लगते रहते है।

### मंत्री बनने के बाद कार्यशैली में नहीं दिखता बदलाव



किसान मोर्चा के जिला महामंत्री स्वप्न तरफदार का कहना है कि विक्रम उसेंडी को हम लोग तब से देख रहे है, जब वे शिक्षक हुआ करते थे। शिक्षक से विधायक, मंत्री, सांसद, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बने, परंतु उनकी कार्यशैली में कभी भी बदलाव देखने को नहीं मिला। उनकी कार्यशैली एक जैसी सदैव बनी रही, कभी भी परिवर्तन देखने को नहीं मिला। सरल व सादगी का चोला उनके साथ बना हुआ है, इसीलिए वे जनता के हित में जो भी काम होता है, उसे करने के लिए सदैव तत्पर बने रहते है, यही उनकी प्रदेश व क्षेत्र में पहचान है।

### पाँववी बार के है विधायक, फिर भी सरल



जिला पंचायत सदस्य सुनीता का कहना है कि विक्रम उसेंडी 1993 में सबसे पहले विधायक विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर से बने, उसके बाद अंतागढ़ विधानसभा 2008 में विधानसभा बनी। अंतागढ़ विधानसभा के पहले विधायक बनने का रिकार्ड विक्रम के नाम पर ही दर्ज है। पाँच बार के विधायक, एक बार सांसद और दो बार मंत्री रहने के बावजूद आज भी उतने सरल है, जितने वे शिक्षक के समय सरल थे। राजनीति के इतने वर्षो बाद भी उनकी सरलता में आज तक परिवर्तन देखने को नहीं मिला है।

### आज तक कोई बदलाव देखने को नहीं मिला



भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रवि कड़ियाम का कहना है कि मैं लंबे समय से भाजपा से जुड़ा हूँ, मैं तब से देख रहा हू कि चाहे विकास की बात हो या सामाज के किसी भी प्रकार की बात है, सदैव उसके निराकरण के लिए विक्रम उसेंडी तत्पर रहते है। गोंडवाना समाज के विक्रम उसेंडी कई बड़े पदों पर आसीन हुए, परंतु उनकी सरलता में आज तक कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है।

### विक्रम के प्रयास से हुए कई विकास कार्य



नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा का कहना है कि कि अंतागढ़ बहुत ही संवेदनशील व विरल क्षेत्र वाली विधानसभा है। विक्रम उसेंडी विधायक व मंत्री रहते हुए सभी क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करवाएं और अतिसंवेदनशील ईलाकों पर सड़को व पुल का जाल बिछ चुका है, जिससे लोगों को आने जाने की सुविधाएं मिली। इस ईलाके के कई ऐसे गाँव थे, जहाँ आजादी के बाद भी बिजली नहीं पहुँची थी, उन गाँव में बिजली पहुँचाने में विक्रम उसेंडी ने मदद किया और उनके प्रयास से ही कई गाँवों में रोशनी की किरण पहुँच सकी।

# अजमणि देव महाराज जयंती पर सोनार समाज ने निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोनार समाज ने अपने प्रणेता श्री श्री अजमीण देव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई। इस उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सिंधी समाज भवन में हुई, जहां समाज प्रमुखों द्वारा अजमीण देव महाराज के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेन्द्र सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चितरंजन सोनी ने किया। सभी अतिथियों ने अजमीण देव महाराज के सिद्धांतों और उनके समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला और समाज को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें समाज के सैकड़ों सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के दौरान समाज के वरिष्ठ और प्रमुख सदस्यों ने नगरवासियों को समाज की एकता और परंपराओं के महत्व पर बल दिया। इस आयोजन में परिक्षेत्र संरक्षक चन्दू सोनी, सलाहकार तोरण सोनी, अध्यक्ष विद्या विमोचन सोनी, उपाध्यक्ष गणेश सोनी, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनी, सचिव यशवंत सोनी, देवेन्द्र सोनी, राकेश सोनी, भगवत सोनी, सागर सोनी, मुकेश सोनी, चंदन सोनी, सूर्यकांत सोनी, चमन सोनी, अरुण सोनी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# पत्रकार होने का धौंस देकर वसूली की ब्रांच मैनेजर ने लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



ब्रांच मैनेजर को पत्रकार की धौंस दिखाकर डराने का मामला सामने आया है। डर के कारण ब्रांच मैनेजर से 15 हजार रूपएं वसूला गया और बचत पैसे के लिए आरोपी पत्रकार बार बार दबाव बनाने लगा, जिससे परेशान होकर ब्रांच मैनेजर ने पखांजुर थाना में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने धमकी देने वाले पत्रकार के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 25 रामकृष्णपुर निवासी 30 वर्षीय तापस दास पिता तारक दास ने पुलिस को बताया कि महिन्द्रा शो रूम पखांजुर में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत हूं। पीव्ही 42 विद्यानगर निवासी मिन्टू सिकदार पिता महानन्द सिकदार ने 8 अक्टूबर को शाम करीबन साढ़े 4 बजें अपने फोन से मुझे कॉल करके बोला कि तेरे नाम से शिकायत करने गांव वाले मेरे पास आए हैं, गाड़ी बुकिंग का पैसा वापस नहीं कर रहा है। तब मै मिन्टू सिकदार को बताया कि गाड़ी बुकिंग का पैसा रिफंड के लिए आवेदन देने पर पैसा वापस किया जाता है। तब मिन्टू सिकदार पत्रकार हूं बोलकर धमकाने लगा और तुमको बदनाम कर देगें और शो रूम का नाम पेपर में छापकर बदनाम कर देंगे, तुम मुझे 20 हजार रूपएं दे दो मैं मामला सेटल कर दूंगा बोलने लगा, तब मैने 10 अक्टूबर को शाम साढ़े 4 बजें महिन्द्रा शो रूम के आगे मेनरोड किनारे नगद 13 हजार रूपएं मनोज साहू के सामने मिन्टू सिकदार को दिया। दो दिन बाद 13 अक्टूबर को मिन्टू सिकदार के द्वारा फोन पे का स्केनर भेजने पर मैं 2 हजार रूपएं पेमेंट किया। उसके बाद मिन्टू सिकदार बचत 5 हजार रूपएं लिए बार बार फोन कर रहा है। बचत पैसा दीपावली से पहले देने की बात कहते हुए दबाव बना रहा है, इस कारण से मैं बहुत ज्यादा परेशान हूं। मिन्टू सिकदार के द्वारा कुल 15 हजार रूपएं की ठगी किया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 308 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विदित हो कि विगत दो मामले में धौंस दिखाने वाला पत्रकार जेल भी जा चुका है।

### पांच किलो गांजा जब्त वृद्ध महिला गिरफ्तार

**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्कर पर कार्रवाई करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट को सूचना मिली कि एक बूढ़ी महिला पिंक रंग की फूलदार साड़ी पहनी है। हीराखंड एक्सप्रेस ट्रेन से रेलवे स्टेशन जगदलपुर में उतरकर डरी सहमी बैठी है, जो अपने पास एक नीला रंग की प्रिंटेड थैला रखी है। जिसमें अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के उद्देश्य से ओडिशा प्रांत से परिवहन कर रही हैं कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर, कार्रवाई हेतु टीम रवाना किया गया था।

रेल से यात्रा करने के दौरान दुर्घटना से बचने बैनर व पोस्टर के माध्यम से दी जा रही जानकारी

# दशहरा में आने वाले ग्रामीण पर्यटकों को जागरूक कर रहा आरपीएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने इन दिनों अंचल के अलग अलग भागों से हजारों की संख्या में देशी व विदेशी पर्यटकों के साथ ग्रामीण परिजनों के साथ रेलमार्ग से जगदलपुर पहुंच रहे है। ऐसे में इन यात्रियों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए आरपीएफ द्वारा विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। रेल से आने जाने के दौरान प्लेटफार्म में मौजूद आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर में तैनात जवानों द्वारा एवरनेस प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जवानों द्वारा बैनर व पोस्टर के माध्यम से होने वाले दुर्घटनाओं की जानकारी दी जा रही है। यात्रियों को बताया जा रहा है कि रेल पटरी से आवाजाही न करें। समय बचाने के फेर में अपनी जान को जोखिम में न डालते हुए ओवरब्रिज का उपयोग करें। इसके अलावा रेल में यात्रा के दौरान दरवाजे के पास खड़ा नहीं होने तथा रेलवे क्रासिंग पार करने के दौरान फाटक खुलने का इंतजार करने कहा जा रहा है। किसी भी तरह की सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 139 में सम्पर्ककरने की सलाह दी जा रही है। मौके पर मौजूद आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर में पदस्थ जवान एन पात्रो व चन्द्रपाल ने बताया कि प्रतिदिन सुबह अलग अलग टीमों द्वारा पैसेंजर ट्रेन के आने के दौरान यात्रियों को जागरूक करने बैनर व पोस्टर के माध्यम से यात्रा के दौरान सावधानी बरतने जागरूक किया जाता है। वहीं यात्रियों को जानकारी दी जा रही है।

■ नियमों की अवहेलना करने पर जुर्माने की दी गई जानकारी




### हजारों यात्रियों को दी गई जानकारी

आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर में तैनात जवानों द्वारा दशहरा के दौरान हजारों यात्रियों को रेलवे नियम व दुर्घटनाओं से बचने जानकारी देकर जागरूक किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे यात्रियों द्वारा जवानों की बात ध्यान से सुनते हुए नियमों का पालन करने की बात कही गई। इन यात्रियों में कई यात्री ऐसे भी होते है जो पहली बार रेल में यात्रा कर रहे होते है।

पेज 11 के शेष...

### बांसकुंड में बुजुर्ग...

में प्राणघातक चोंट के निशान भी थे। बुजुर्ग की हत्या किसी साजिश के तहत हुई है। कोरर पुलिस ने मिले साक्ष्य व पीएम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

### मोदे मानसगान में...

अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। मानसगान कार्यक्रम भाजपा मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, रमेश साहू, चैतराम गावड़े, प्रताप चन्देल, सहबती रावटे, राजिम सलाम, रुक्मणी रावके, अमरोतीन साहू, रमशिला कौशिक, तिजिया नुरेटी, अनिता जैन व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### करियापहर व ढोढरापहर...

लोगो से पूछताछ व तलाश करने पर कही पता नही चला। अपने स्तर में मोटर पंप की पता तालाश किया, लेकिन पता नही चलने पर 15 अक्टूबर को चोरी की शिकायत दर्ज करा रही हूं। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घटिया सोलर लाइट...

सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी भी उनके पास मौका है कि गाँव में लगी सोलर लाईट को ठेकेदार से मरम्मत करवाकर गाँव में छाएं अंधेरे को खत्म करवा दें, अन्यथा आने वाला समय उनके लिए बहुत ही कष्टदायी होने वाला है।

# बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में पदस्थ नवनियुक्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने मंगलवार को मुरिया दरबार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन देकर अपनी सेवा सुरक्षित करने की मांग की है। शिक्षकों ने बताया कि शिक्षक भर्ती नियम 2019 के राजपत्र में पारित नियमों के आधार पर एवं इस नियम के सभी मानकों पर खरा उतरते हुए डीएड अभ्यर्थियों के साथ-साथ लगभग 2900 बीएड अभ्यर्थियों को प्राविण्य सूची में स्थान पाने के बाद सहायक शिक्षक के रूप में बस्तर एवं सरगुजा संभाग के सुदूर अंचलों में पदस्थ किया गया जो लगभग 1 वर्ष से अपनी सेवा दे रहे हैं। उच्च न्यायालय द्वारा बी एड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को 2 अप्रैल 2024 को अमान्य कर दिया गया है। जिससे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक और उनके परिवारों के आजीविका के साथ ही साथ इससे शिक्षित होने वाले विद्यार्थियों पर भी प्रभाव पड़ रहा है।

# शहर के चौक- तिराहों की अब और बदलेगी तस्वीर




**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव की अनुशंसा पर नगर पालिक निगम को अधोसंरचना मद से विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ की राशि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन से स्वीकृत प्राप्त हुई है। शहर में विकास कार्य के लिए जिसमें सीसी सड़क, नाली, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्य सभी 48 वार्डों में किए जाएंगे। महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्यों एवं भाजपा पार्षदों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक किरण देव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को धन्यवाद ज्ञापित कियाा है। किरण देव ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास हो रहे हैं। इसी तारतम्य में नगर पालिक निगम जगदलपुर को शहर के 48 वार्डों में विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद से राशि 6 करोड रुपए की स्वीकृति सीसी सड़क, नाली, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है।




# कार की ठोकर से एक महिला समेत चार हुए घायल, दुपहिया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोरर थानांतर्गत नरसिंगपुर बांध के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से महिला व तीन अन्य लोग घायल हो गया। महिला अपने मायके से ससुराल एक्टिवा वाहन में सवार होकर जा रही थी। रास्ते में प्यास लगने पर वाहन को रोककर पानी पिया और वाहन को चालू करने लगी, लेकिन वाहन चालू नही हुआ तो कुछ ग्रामीण वहा पर मदद करने के लिए आए, तभी चारामा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार की टक्कर से चारो घायल हो गए व एक्टिवा वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे नहरू नगर भानुप्रतापपुर निवासी 35 वर्षीय जितेन्द्र कुमार महावीर पिता सुरजुराम ने पुलिस को बताया कि 8 अक्टूबर को मेरी पत्नि 33 वर्षीय युक्ति महावीर अपने मायके चारामा से एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 19 बीडी 7248 को चलाते हुए नरसिंगपुर होकर भानुप्रतापपुर आ रही थी। नरसिंगपुर बांध के पास पानी पीने के लिए वाहन रोकी, इसके साथ में 9 वर्षीय पुष्पेन्द्र भी था, जब पानी पीकर वाहन को चालू किया, तो वाहन चालू नही हुआ। काफी देर तक प्रयास करने के बाद वाहन चालू नही होने पर उसी गांव के 52 वर्षीय मंगालु राम दर्रो, 31 वर्षीय योगेश दर्रो और सुन्दर राम मदद करने के लिए आए, इतने में चारामा की ओर से तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक सफेद रंग की कार वाहन क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 0021 का चालक के द्वारा वहां पर उपस्थित युक्ति महावीर, योगेश दर्रो, मंगालु राम दर्रो, सुन्दर राम को सामने से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया और एक्टिवा वाहन भी कार में फंसकर कुछ दूर तक घिसटती चली गई। आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 0021 के चालक द्वारा अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर एक्सीडेंट करने से युक्ति महावीर, योगेश दर्रो, मंगालु राम दर्रो, सुन्दर राम को सिर, चेहरा, हाथ, पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### जिले के चारों विकासखण्डों में होगा कौशल पखवाड़ा

**दंतेवाड़ा।** केन्द्र तथा राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं यथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नल-जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम, नियद नेल्लानार योजना के तहत जिले में विभिन्न प्रशिक्षण संचालन किया जा रहा है। ग्रमीण स्तर के युवाओं तक कौशल विकास प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कौशल प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवाओं का काउंसिलिंग कर उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित कर रोजगार, स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने का प्रयास किया जावेगा। इस संबंध में पंचायत भवन बालूद 17 अक्टूबर, पंचायत भवन गमावाड़ा 18 अक्टूबर, पंचायत भवन फरसपाल 21 अक्टूबर, पंचायत भवन बारसूर 22 अक्टूबर, पंचायत भवन कुआकोंडा 23 अक्टूबर, पंचायत भवन पालनार 24 अक्टूबर, पंचायत भवन कटेकल्याण 25 अक्टूबर, पंचायत भवन बड़े गुडरा 28 अक्टूबर को तिथि निर्धारित किया गया है।

### कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे आवेदक

**बीजापुर।** सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचे लोगों की समस्या सुनी और सम्बंधित विभागों को शीघ्र कार्य करने के आवश्यक पहल करने की बात कही है। जनदर्शन में 14 आवेदन प्राप्त हुए। लोग अपनी-अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराने जिला कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने सभी आवेदकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण का आश्वासन भी दिया। आवेदकों द्वारा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर के विभिन्न समस्याओं एवं मांग हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जिसमें रोजगार, भवन निर्माण, वार्ड की समस्या एवं बुनियादी सुविधाएं, स्कूल, छात्रावास सहित अन्य आवेदन लेकर कलेक्टर के सम्मुख उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं।

# कुपोषण को मिटा नहीं पाये, तो विभाग ने जला दिए पूर्व सीएम और मंत्री की तस्वीरें

## *सुपोषण अभियान की दम तोड़ती तस्वीरें कुआकोंडा आईसीडीएस विभाग में दिखी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

दंतेवाड़ा के कुआकोंडा महिला बाल विकास विभाग परियोजना के सरकारी गोदाम में आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषण मिटाने के लिये बंटने वाली मूंगफली चिक्की नौनिहालों को बंटने से पहले ही सड़ गयी। जिसके बाद विभाग कुपोषण मिटा नहीं पाया, तो गोदाम के बाहर चिक्की को जलाकर ही कुपोषण मिटा दिया।

इस विभाग के जिम्मेदार इतने बड़े लापरवाह हैं कि हजारों मूंगफली चिक्की को जलाकर योजना को स्वाहा करते नजर आये। आपको बता दें कि दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा परियोजना में 150 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र है। जहां प्रतिदिन 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को सुपोषण अभियान के तहत राज्य सरकार की तरफ से मूंगफली चिक्की वितरण करने की योजना है। जिसकी कीमत 5 रुपये 85 पैसे है, लेकिन कुआकोंडा ब्लॉक में महिला बाल विकास विभाग की लापरवाही के चलते अंदुरुनी इलाकों में आदिवासी बच्चों को सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।








### पूर्व सीएम व मंत्री की तस्वीरें भी कूड़ेदान में

गोदाम के बाहर कूड़ेदान में सैंकड़ों तस्वीरें छग के भूतपूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया की नजर आई। सवाल यह उठता है कि जिन तस्वीरों को उस समय बालबाड़ी केंद्रों में वितरण करना था, उसे भी विभाग द्वारा नही बांटा गया। आखिर इन योजनाओं पर लाखों करोड़ों रुपये सरकार खर्च करती हैं, लेकिन उन योजनाओं का क्रियान्वयन वातानुकूलित कमरे में बैठे अधिकारी जब सही समय पर नही करते हैं, तब इस तरह योजना जलकर कूड़ेदान में नजर आती है।

### विभाग के गोदाम में सब कुछ दिखा बिखरा

गोदाम के अंदर गर्भवती शिशुवती माताओं को बांटने वाला रेडी टू ईट फूड से लेकर खेलने के समान तक बेतरतीब ढंग से पड़े थे। विभागीय अधिकारी कुआकोंडा परियोजना से भी नदारत थे। जिसके बाद हमने जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश से बात कि और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया, उन्होंने कहा कि दिखवाता हूं क्यों वितरण नहीं हुआ, इसका भी पता लगवाता हूं।

# मैत्री मंच पर महिलाओं ने एक स्वर में लगाया नारा 'वी वान्ट जस्टिस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हजारों साल बाद भी नारी अस्मिता को लेकर उठे सवालों का जवाब मांगता बांग्ला नाटक ए कौन सोकाल का मंचन सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था मैत्री संघ के मंच पर दुर्गा उत्सव की महानवमी के अवसर पर किया गया।

मशहूर लेखक विमल बंधोपाध्याय लिखित और वरिष्ठ रंगकर्मी सुबीर नंदी निर्देशित नाटक, यह कैसा सवेरा वर्तमान परिवेश मैं नारी अस्मिता की सुरक्षा पर सवाल उठाता है। नाट्य प्रस्तुति के जरिए दहेज के लोभ में ससुराल में प्रताड़ित की जाने वाली बहू पर तीखा व्यंग्य किया गया है। लेखक ने कई सामाजिक पहलुओं को छूने वाले विषयों को उभारा है। प्राण त्यागने के बाद भी लाशों के अंतरमन की प्रस्तुति देते, कलाकार दर्शकों के दिल को झकझोर के रख दिए। सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। निर्देशक सुबीर नंदी द्वारा कई प्रयोग इस नाटक में किए गए जैसे शमशान में शुरू में सत्यम शिवम सुंदरम इस गीत के साथ एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नाटक के अंतिम दृश्य में महिलाओं द्वारा वी वांट जस्टिस कहने पर दर्शकों ने भी उनके साथ दिया। नाटक के मुख्य पात्र की भूमिका में सुधीर मंडल, निर्मल राजपूत, हरि माधव दास, दृशान चक्रवर्ती, गोपाल राय एवं खीरेंद्र पाणिग्रही थे। साथ ही अतिथि कलाकारों में श्रीमती इंद्राणी नंदी, गीता विश्वास, प्रतिमा राय चौधरी, शुभ्रा राय चौधरी, श्वेता विश्वास, शर्मिष्ठा बागची, सीमा बगची, सोनाली भट्टाचार्य थीं। मंच व्यवस्था प्रचार एवं वेशभूषा समीर सेन, प्रकाश व्यवस्था, संगीत एवं रूप सजा विश्वजीत भट्टाचार्य का था। यह नाटक हाल ही देश के सीने पर चोट करने वाली घटना पश्चिम बंगाल मैं महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ रेप और हत्या जैसे माहौल में ऐसे नाटक की प्रस्तुति का दर्शन को इंतजार था और इसीलिए नाटक के अंतिम दृश्य में दर्शक की सहभागिता देखने को मिला।



# जनधन समृद्धि कार्यशाला में बैंक मित्रों एवं बैंक सखियों को दिया प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर जगदलपुर के सभागार में ग्रामीण विकास विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा जन धन प्लस-समृद्धि का दरवाजा अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान ग्रामीण विकास विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारियों सहित वुमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग से मयूर लोखांडे द्वारा कार्यशाला में उपस्थित बैंक मित्र एवं बैंक सखियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बैंक मित्र एवं बैंक सखियों को बैंक के विभिन्न उत्पाद, बचत खातों के ब्याज दर सहित पीएम जनधन खाते, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अलावा शासन की विभिन्न डीबीटी योजनांतर्गत भुगतान को बढ़ावा देने तथा स्व-सहायता समूहों को वित्तीय सहायता मार्गदर्शन इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर से क्षेत्रीय प्रबंधक सुभाष नायडू, वरिष्ठ प्रबंधक वेदप्रकाश, सहायक प्रबंधक राजकुमार, सीएससी जिला प्रमुख प्रदीप क्षत्रिय, पीएमएसबीवाय क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से नवीन साहू तथा बस्तर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के बैंक मित्र एवं बैंक सखी उपस्थित थे।







जीवेत शरदः शतम्
शिक्षाविद्ध एवं कुश्ल संगठनकर्ता जन-जन के
लोकप्रिय नेता पांच बार के निर्वाचित
विधायक एक बार के निर्वाचित सांसद,
भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं
पूर्व मंत्री माननीय अंतागढ़ विधायक
विक्रम उसेंडी जी
को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
17 अक्टूबर
विनीत :- अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्तागण